तक इस अधिनियम की धारा 8 के अधीन छूट दी गई है । उन संगठनों से जो गैर-राजनीतिक प्रकृति के हैं और जिनके सुनिश्चित सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक तथा शैक्षिक कार्यक्रम है, अपेक्षा की जाती है कि वे विदेशी अंशदान की प्राप्ति/उपयोग से संबंधित लेखे वित्त वर्ष की समाप्ति के 60 दिन के भीतर प्रस्तुत करें। संगठनों द्वारा वर्ष 1992-93 के लिए अपेक्षित सूचना प्रस्तुत करने की अवधि अभी समाप्त नहीं हुई है । इसलिए प्रश्न में मांगी गई सूचना इस समय पेश नहीं की जा सकती है।

पाकिस्तान में सिख यात्रियों को भड़काया जाना

1726. **श्री जगदीश प्रसाद माथुर :** क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 22 अप्रैल, 1993 के नई दिल्ली से निकलने वाले हिन्दी दैनिक के मुख पृष्ठ पर "लाल किले पर हरा परचम फहराने का सपना" शीर्षक से प्रकाशित उस समाचार की ओर दिलाया गया है, जिसमें कहा गया है कि भारत से हाल ही में जो सिख यात्री पाकिस्तान गए थे उन्हें भड़काया गया है;

(ख) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) क्या इस मामले को अन्य देशों के साथ उठाया जायेगा ?

विदेश मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सलमान खुर्शीद) : (क) जी हां।

(ख) सरकार ने राजनयिक सूत्रों के माध्यम से इस मामले को पाकिस्तान की सरकार के साथ उठाया है।

(ग) सरकार भारत विरोधी विध्वंसक गतिविधियों में पाकिस्तान का हाथ होने के बारे में अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय को बताती रही है और बताती रहेगी।

रूस के उप प्रधान मंत्री की भारत यात्रा

1727. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटू भाई पटेल :

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रूस के उप प्रधान मंत्री ने जनवरी, 1993 के दौरान भारत की यात्रा की थी और भारतीय नेताओं के साथ वार्ताएं की थीं;

(ख) यदि हां, तो वार्ताओं में कौन-कौन से द्विपक्षीय मुद्दे उठाए गए और उनके क्या निष्कर्ष निकले; और

(ग) इन निष्कर्षों पर क्या अनुवर्ती कार्यवाही की गई है ?

विदेश मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सलमान खुर्शीद) : (क) जी हां।

(ख) और (ग) इस यात्रा का उद्देश्य 27 से 29 जनवरी, 1993 तक रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा की तैयारी करना था। रुपया-रूबल विनिमय दर के मामले पर भी काफी बातचीत हुई थी। रूसी राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान एक करार संपन्न हुआ जो रुपया-रूबल विनिमय दर तथा भूतपूर्व सोवियत समाजवादी गणतंत्र संघ को भारत द्वारा रूबल में देय ऋण को चुकता करने के संबंध में इस दर को लागू करने के बारे में था।